बरेली, रविवार
19 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4+4=26

दैनिक जागरण



# जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

बरेली: राजश्री इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी में चल रहे दो दिवसीय डा. एपीजे अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का शनिवार को समापन हुआ। इसमें एकेटीयू से संबद्ध बरेली, बदायूं, एटा, फर्रुखाबाद, कासगंज, पीलीभीत, रामपुर, सीतापुर, शाहजहांपुर, मुरादाबाद जिलों के संस्थानों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में आदित्य व रिया, 200 मीटर में वंश व सृष्टि, 400 व 800 मीटर में सुगांश और डिंपल ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं, रिले दौड़ में एमआइटी व बालिका वर्ग में कोठीवाल कालेज, ऊंची कूद में देवांश व भावना, डिस्क थ्रो में अर्जुन व अंकिता, शाट पुट में जतिन व डिंपल, जेवेलिन में तनिष्क व सिमरन, बैडमिंटन में कोठीवाल कालेज व बालिका वर्ग मारी। बास्केटबाल में एसआरएमएस सीइटी ने बालिक वर्ग में भी जीत हासिल की। शतरंज में देवांश और खुशी, टेबिल-टेनिस व वालीबाल में एमआइटी और बालिका वर्ग में एसआरएमएस ने मैदान फतेह किया।

खो-खो में प्रथम स्थान एसआरएमएस ने हासिल किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एकेटीयू के पर्यवेक्षक डा. करुणेश कुमार सिंह व प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने प्रशस्ति पत्र व पदक देकर सम्मानित किया गया। संचालन डा. स्वतंत्र गुप्ता ने किया। इस दौरान निदेशक प्रो. पंकज कुमार शर्मा, प्रो. अनिल कुमार, डीन (एकेडमिक्स) प्रो. साकेत अग्रवाल, रजिस्ट्रार दुष्यंत माहेश्वरी, कार्यक्रम समन्वयक डा. सीपी गंगवार आदि